मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण मुजफ्फरनगर

मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर।
Website: www.mdamuzaffarnagar.com & Email : mdamzn@yahoo.co.in
Ph. 0131-2621922 Fax. 0131-2620859

पत्रांकः 5932 /मु0वि0प्रा0/2024 दिनांक 20.12.2024

प्रेस विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद मुजफ्फरनगर के अंतर्गत महावीर चौक के पास जी०आई०सी० ग्राउंड में मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित किये जा रहे मनोरंजन पार्क के संचालन एवं रख–रखाव के लिए अनुज्ञप्ति/लाइसेंस पर दिए जाने हेतु कुशल एवं अनुभवी व्यक्तियों/पंजीकृत फर्मों/कंपनियों से दिनांक 21.12.2024 से 27.12.2024 तक अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है।

उक्त कार्य हेतु निर्धारित न्यूनतम लाइसेंस फीस रु० 2.00 लाख रखी गई है तथा सील बंद निविदा बॉक्स में अधिकतम लाइसेंस फीस ऑफर करने वाले को उक्त कार्य हेतु चयनित किया जाएगा। साथ ही निविदा के साथ रु० 2.00 लाख की धरोहर राशि भी जमा करनी होगी। उक्त लाइसेंस हेतु चयनित व्यक्ति/फर्म/कंपनी को अनुबंध संपादन के समय रु० 5.00 लाख सिक्योरिटी धनराशि के रूप में जमा करने होंगे जिसमें रु० 2.00 लाख की धरोहर राशि को समायोजित कर लिया जाएगा। उक्त लाइसेंस 01 वर्ष के लिए होगा एवं नवीनीकरण के संबंध में अंतिम निर्णय उपाध्यक्ष, मु०वि०प्रा० का होगा।

उक्त कार्य हेतु सील बंद निविदा बॉक्स, कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, कार्यालय नगर पालिका परिषद, कार्यालय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), मुजफ्फरनगर में स्थापित किए गए हैं। समस्त इच्छुक आवेदक उक्त स्थलों पर रखे सील बंद बॉक्स में निर्धारित समयान्तर्गत निविदा डाल सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद कोई निविदा/आवेदन मान्य नहीं होगा। लाइसेंस हेतु निर्धारित समस्त नियम व शर्तों की छायाप्रति एवं निविदा प्रपत्र को निर्धारित निविदा मूल्य रू0 2,000.00 के भुगतान के उपरान्त किसी भी कार्य दिवस में प्राधिकरण कार्यालय के अंतर्गत अवर अभियन्ता श्री संदीप कुमार (मो0नं0–7300741124) से प्राप्त की जा सकती है। उक्त नियम व शर्तें प्राधिकरण की वेबसाईट–mdamuzaffarnagar.com पर भी उपलब्ध है।

सचिव
विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर